समाचार विज्ञप्ति

18 से अधिक उम्र के लिए बाइवेलन्ट बूस्टर की शुरूआत

14 सितंबर, 2022 मीडिया पूछताछ

21 सितंबर से, बाइवैलन्ट कोविड-19 बूस्टर वैक्सीन के लिए अपॉइंटमेंट बुक की जा सकती है, साथ ही वैक्सीन प्रशासन भी 21 सितंबर से शुरू होगा।

विस्तृत और स्वतंत्र वैज्ञानिक समीक्षा के बाद, हेल्थ कनाडा ने मॉडर्ना स्पाइकवैक्स बाइवैलेंट कोविड-19 वैक्सीन को 18 साल और उससे अधिक उम्र के पात्र अल्बर्टावासियों के लिए बूस्टर डोज़ के रूप में मंजूरी दी है।

बाइवैलेंट कोविड -19 वैक्सीन एक मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करता है और ओमाइक्रोन और मूल SARS-CoV-2 वायरस नस्ल दोनों के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

अल्बर्टावासियों जिन्होंने प्राथमिक श्रृंखला पूरी कर ली है, वे बाइवैलेंट वैक्सीन के लिए पात्र हैं। डोज़ के बीच सिफारिश किया हुआ अंतराल अंतिम डोज़ से या पिछले संक्रमण से कम से कम पांच महीने है।

तीन महीने के छोटे अंतराल पर विचार किया जा सकता है (उदाहरण के लिए, गंभीर परिणामों के लिए उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए), लेकिन डोज़ के बीच लंबे अंतराल से कोविड-19 संक्रमण के खिलाफ बेहतर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया होती है जो लंबे समय तक चलने की उम्मीद है।

वैक्सीन पात्रता

21 सितंबर से, अलबर्टा के 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के निवासी बाइवैलेंट वैक्सीन के लिए पात्र होंगे जिन में शामिल हैं:

- ऐसे लोग जिन्होंने एस्ट्राजेनेका, फाइजर और मॉडर्ना टीकों के मिश्रण सहित किसी भी प्राथमिक श्रृंखला को पूरा कर लिया है, और अंतिम डोज़ से या सबसे हालिया संक्रमण के बाद से कम से कम पांच महीने का अंतर रखते हैं।

Classification: Public

- ऐसे व्यक्ति जिन्हें पिछले कोई भी बूस्टर मिले हैं और अंतिम डोज़ से या सबसे हालिया संक्रमण के बाद से कम से कम पांच महीने का अंतर है।

12-17 वर्ष की आयु के अल्बर्टावासियों के लिए बाइवैलेंट कोविड-19 वैक्सीन सितंबर के अंत / अक्टूबर की शुरुआत में उपलब्ध होने की उम्मीद है।

इसके अतिरिक्त, 3 अक्टूबर के सप्ताह से, इन्फ्लूएंजा के वैक्सीन के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल सुविधाओं के निवासियों को बाइवैलेंट बूस्टर की पेशकश की जाएगी।

टीकाकरण के अपॉइंटमेंट का बुकिंग

वैक्सीन, भाग लेने वाली फार्मेसियों और सामुदायिक चिकित्सा क्लीनिकों और चुनिंदा एएचएस (AHS) साइटों पर, उपलब्ध होंगे। बुकिंग alberta.ca/vaccine पर अल्बर्टा वैक्सीन बुकिंग सिस्टम के माध्यम से या हेल्थ लिंक पर 811 पर कॉल करने से उपलब्ध होगी। कम से कम तीन महीने के छोटे अंतराल के लिए अपॉइंटमेंट को ऑनलाइन बुक नहीं किया जा सकता है।

कुछ फ़ार्मेसी वॉक-इन को समायोजित कर सकती हैं। यदि आपकी स्थानीय फ़ार्मेसी बुकिंग सिस्टम में सूचीबद्ध नहीं है, तो उनसे सीधे संपर्क करें या अपने नज़दीकी फ़ार्मेसी खोजने के लिए bluecross.ca पर जाएँ।

फर्स्ट नेशंस रिजर्व में रहने वाले व्यक्ति नर्सिंग स्टेशनों या सार्वजनिक स्वास्थ्य क्लीनिकों के माध्यम से डोज़ सुलभ कर सकते हैं।

सम्बंधित जानकारी

- कोविड-19 के वैक्सीन और रिकॉर्ड की जानकारी
- वैक्सीन बुकिंग पर AHS जानकारी